## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# एक अंतरराज्यीय देह व्यापार गिरोह का पर्दाफाश

**सेक्स रैकेट**

## सेक्स रैकेट का पर्दाफाश, 2 युवक गिरफ्तार, चार लड़कियों को गिरोह के चंगुल से छुड़ाया

**संवाददाता**

देहरादून। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने एक अंतरराज्यीय देह व्यापार गिरोह का पर्दाफाश किया है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने सेक्स रैकेट में संलिप्त सरगना सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि अभी गिरोह से संबंधित नेटवर्क के लोगों के बारे में जांच–पड़ताल कर उनकी तलाश जारी है। पुलिस टीम ने देह व्यापार के इस गिरोह के चंगुल से अलग–अलग राज्यों की चार लड़कियों को भी छुड़ाया है।

बताया जा रहा कि क्रिसमस और नए साल के जश्न से पहले यह सेक्स रैकेट दिल्ली, पंजाब व झारखंड जैसे राज्यों से गरीब लड़कियों को नौकरी के नाम पर गुमराह कर मसूरी होटलों में ले जा रहे थे। ऐसे में मुखबिर की सूचना के आधार पर देहरादून एंटी ह्यूमन



ट्रैफिकिंग टीम द्वारा घेराबंदी कर बीती रात मसूरी जाने वाले बाईपास रोड धोरण गांव के पास इस गिरोह को धर दबोचा है। पुलिस ने मौके से अलग–अलग राज्यों से लाई जा रही। चार लड़कियों को गिरोह के कब्जे से छुड़ाया है। पुलिस जांच में पता चला कि क्रिसमस और नए साल के जश्न से पहले दिल्ली, पंजाब व झारखंड से देह व्यापार के लिए लड़कियों को इनोवा कार में मसूरी ले जाया जा रहा था। मौके से पुलिस टीम ने गिरोह के सरगना राहुल पाटिल और राहुल कुमार नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह का मुख्य आरोपी राहुल पाटिल पूर्व में भी सेक्स रैकेट मामले में जेल जा चुका है। पुलिस के अनुसार सेक्स रैकेट का सरगना राहुल पाटिल (28) पुत्र गोकुल प्रसाद मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मानिकपुर, थाना गढ़ी मानिकपुर तहसील कुंडा जिला प्रतापगढ़ का रहने वाला है। गिरफ्तार दूसरा आरोपी राहुल कुमार (23) पुत्र रामेश्वर कुमार मूल रूप से हरिद्वार के ग्राम ब्रह्मपुरी का रहने वाला है। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी से आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। फिलहाल पुलिस इनसे जुड़े व्हाट्सएप नेटवर्क के जरिए गिरोह के अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाकर धरपकड़ में जुटी है।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के मुताबिक सेक्स रैकेट के चंगुल से आजाद करवाई गई पीड़िताओं ने पूछताछ में बताया कि गिरफ्तार राहुल पाटिल और राहुल कुमार उनकी गरीबी का फायदा उठाकर नौकरी का झांसा देकर अनैतिक व्यापार के धंधे में लगा देते हैं। दिल्ली व अन्य जगह से लाकर वाहनों से अलग–अलग जगह ले जाते हैं। आज फिर यह लोग उन्हें मसूरी में नौकरी के नाम पर गुमराह कर होटलों की डिमांड पूरी करने जा रहे थे।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर उन्हें याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति और दिशा सामाजिक संस्था ने संयुक्त रूप से संस्था के कार्यालय में चकराता रोड में स्वतंत्रता सेनानी पंडित महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती पर उन्हें याद किया स्मरण रहे कि प्रयागराज के एक मोहल्ले में जो अब मालवीय नगर के नाम से जाना जाता है 25 दिसंबर 1961 को महामना का जन्म हुआ था राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें महामना की उपाधि से सम्मानित किया था वर्तमान केंद्र सरकार ने उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से भी सुशोभित किया था महामना ने हिंदी साहित्य सम्मेलन की स्थापना भी की थी उन्होंने हिंदू महासभा भी बनाई थी वह स्वदेशी अपनाने पर विश्वास करते थे वह सरल स्वभाव के थे और निस्वार्थ सेवा करना उनका स्वभाव था।

### प्लस अप्रोच फाउंडेशन ने होस्ट किया 7वां वार्षिक सकारात्मकता पर वैश्विक सम्मेलन

**संवाददाता** अल्मोड़ा। सकारात्मकता और पीक अवार्ड समारोह 2021 पर सातवें वार्षिक वैश्विक सम्मेलन का जश्न मनाने के लिए अध्यक्ष आर.सी.गुप्ता, प्लस अप्रोच फाउंडेशन द्वारा एक दिन का इवेंट होस्ट किया। पीक एक ऐसा कार्यक्रम है जिसकी कल्पना उन आम लोगों का संगम बनाने के लिए की जाती है, जिन्होंने अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव का अनुभव किया है। यह एक ऐसा मंच है जहां लोग साझा करते हैं – कैसे उन्होंने अपने साधारण जीवन को दर्शकों के साथ एक असाधारण यात्रा में ढाला है। वह उन्हें आत्म–विश्वास और विश्वास विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। वह उन्हें आशा और समग्र सफलता के साथ अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन को आकार देने के लिए प्रेरित करते हैं।

### स्वदेशी भारतीय ब्रांड अरीना एनीमेशन ने 25 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मनाया

**संवाददाता** देहरादून। मीडिया एवं एंटरटेनमेंट के क्षेत्र के अंदर गैर–औपचारिक शैक्षणिक पाठ्यक्रम में वैश्विक पहचान बनाने वाले ट्रेंडसेटर अरीना एनीमेशन ने अब भारत में ट्रेनिंग स्किल बिल्डिंग और शानदार करियर बनाते हुए अपने 25 साल पूरे कर लिए हैं राष्ट्र द्वारा भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष मनाए जाने के साथ यह देख कर संतोष होता है कि घरेलू ब्रांड अरीना एनीमेशन ने भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद के कुल समय का लगभग एक तिहाई हिस्सा वैश्विक स्तर पर रोजगार एवं कौशल निर्माण की नींव रखने में खर्च किया है करीब 3 दशकों से अनौपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण कारोबार में देश के अग्रणी एप्टेक लिमिटेड घराने ने वर्ष 1996 में अपना मीडिया एवं एंटरटेनमेंट ब्रांड अरीना एनीमेशन स्थापित किया था।

## मनोरमा डोबरियाल शर्मा की स्मृति में टिहरी जेल में बांटे गये कम्बल व गर्म कपड़े

**संवाददाता** देहरादून/नई टिहरी। मनोरमा डोबरियाल शर्मा मेमारियल फाउंडेशन की ओर से नई टिहरी जेल के कैदियां के लिये कम्बल व गर्म कपड़ें भेजे गये है। टिहरी बार एसोशिएशन के पूर्व अध्यक्ष व अधिवक्ता शान्ति प्रसाद भटट् के आग्रह पर टिहरी जिले के जेल के कैदियों के लिये कम्बल व गर्म कपड़ें का वितरण टिहरी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारगार में 243 पुरुष, 7 महिलायें व दुधमुंहे बच्चों को ठंड़ से राहत के लिये गर्म कपड़े, टोपियॉ व कम्बल आदि दिये गये।

इस अवसर पर बोलते हुए फाउंडेशन की अध्यक्ष दिवंगत सांसद मनोरमा डोबरियाल शर्मा की प्रेरणा से हम समाजसेवा के कार्यो में लगे है उनकी स्मृति को चिरस्थाई बनाने के लिये व और लोग भी ऐसे कामों के लिये आगे आये तो हमको अच्छा लगेगा। उन्होने टिहरी, घनशाली तहसील, का मोल्था गांव मेरी मात्रभूमि है मैं टिहरी की बेटी हूॅ यहॉ कि सेवा करना मेरा परम कर्तव्य है आज मात्रभूमि में आकर ऐसा लगता है मॉ की गोद में आई हूॅ। वहीं अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष टिहरी बार एसोशिएशन शान्ति प्रसाद भटट् ने कहा कि मैंने अपनी छोटी बहन आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा से एक बार के आग्रह पर छोटी बहन ने अपनी सहमति दी मुझे गर्व है टिहरी, घनशाली तहसील, का मोल्था गांव की बेटी आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा पर जो अपनी फाउंडेशन के माध्यम से अनेकों लोगों की मदद् को तत्पर खड़ी रहती है।




सीएम ने लोक सेवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने शिष्टाचार भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने शिष्टाचार भेंट की।

## पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की 97 वीं जयंती पर अर्पित किये श्रद्धासुमन

**संवाददाता** पुरोला। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 97वीं जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये । अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसम्बर , 1924 को ग्वालियर में हुआ था , वर्ष 2014 से उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले में हुआ था । वे एक कुशल वक्ता, लेखक, कवि व राजनेता थे । वाजपेयी विद्यार्थी जीवन मे ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गये थे व बाद में संघ के घटक जनसंघ के सक्रिय सदस्य बने। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन मे कई



महत्वपूर्ण पदों को संभालते हुए राष्ट्र की सेवा की ।

अटल बिहारी वाजपेयी की 97 वीं जयंती पर पुरोला मोरी,डामटा,बरनीगाड में उन्हें राजनेताओं, समाजसेवियों व आम जनमानस ने नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये । इस अवसर पर बीजेपी मण्डल अध्यक्ष पवन नौटियाल ने कहा कि वे एक महान देशभक्त थे जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी में भाषण देकर भारत माता का मान बढ़ाया। उनके कुशल नेतृत्व में भारत का चहुमुखी विकास हुआ व पहली बार भारत मे प्रतिदिन 11 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने का लक्ष्य को हासिल किया गया व अमेरिका की तमाम धमकियों की परवाह किये बिना पोखरण में परमाणु परीक्षण किये गए । उन्होंने कहा कि वे युगों युगों तक राष्ट्र की प्रेरणा रहेंगे व हम सबको उनके पथ पर चलकर एक विकसित भारत के स्वप्न को साकार करना है। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में अमीचंद शाह, उपेंद्र असवाल, बलदेव रावत,सूरया गोबिदंराम नोटियाल,बृजमोहन चौहान, नवीन गैरोला,मलकेश आदि मोजूद थे।

## एथेरोस्क्लेरोसिस दिल के दौरे के लिए एक प्रमुख जोखिम कारक है

**संवाददाता** देहरादून। अध्ययनों के अनुसार कोरोनरी धमनी का कैल्सीफिकेशन उम्र के साथ बढ़ता है और महिलाओं की तुलना में यह पुरुषों में काफी आम है जो लोग मेटाबोलिक सिंड्रोम डिस्लिपिडेमिया तंबाकू का उपयोग उच्च रक्तचाप क्रोनिक किडनी रोग और उच्च बेसलाइन सी–रिएक्टिव प्रोटीन स्तर से जूझ रहें हैं उनमे कोरोनरी धमनी विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है। इस स्थिति, इसके लक्षणों और उपलब्ध उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है धमनियों में कैल्शियम का जमाव सामान्य रक्त प्रवाह को तभी खघ्तरे में डाल सकता है जब यह संबंधित धमनी को आंशिक रूप से या पूरी तरह से अवरुद्ध कर दे दिखाई देने वाले लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि शरीर की कौन सी धमनी अवरुद्ध है यदि कोरोनरी धमनी अवरुद्ध हो जाती है, तो थोड़े से भी मेहनत करने पर छाती में दर्द, सांस में तकलीफ, छाती में भारीपन और दिल की धड़कन तेज या धीमी होने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।